स्वास्थ्य विभाग के तहत चार माह में 45 हजार पदों पर होगी बहाली

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। राज्य में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े 45 हजार पदों पर बहाली होगी। इसमें 21 हजार 387 एएनएम और जीएनएम के पद शामिल हैं। इसके अलावा चिकित्सक, दंत चिकित्सक, नर्स, एएनएम, जीएनएम, सीएचओ और पारा मेडिकल सहित अन्य रिक्त पदों पर नियुक्ति होगी।

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने चार माह में बहाली प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रिक्त पदों का रोस्टर तय करते हुए नियुक्ति पूरा कराएं। एएनएम और जीएनएम के अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 1339 सहायक प्राध्यापक, 3523 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, 396 सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। संविदा के आधार पर 1290 सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी की बहाली होगी।

➤देखें P 10

इन पदों पर नियुक्ति

पद	संख्या		
सहायक प्राध्यापक	1339	एएनएम	15089
विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी	3523	फार्मासिस्ट	3637
सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी	396	एक्स रे तकनीशियन	803
सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी (संविदा)	1290	ओटी असिस्टेंट	1326
दंत चिकित्सक	64	ईसीजी तकनीशियन	163
सिस्टर ट्यूटर	362	लैब तकनीशियन	3080
नर्स	6298	ड्रेसर	1562
		सीएचओ (संविदा)	4500